प्रेस नोट ***19/01/2025***

<u>महिला एच्छिक ब्यूरो के प्रयास से 05 दंपती साथ साथ रहने को हुए राजी, 48 मामलों में से 12 मामलों का हुआ निस्तारण-</u>

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में आज दिनांक 19.01.2025 को महिला एच्छिक ब्यूरो की बैठक पुलिस कार्यालय में सम्पन्न हुयी। इस दौरान एच्छिक ब्यूरो के सदस्यो के समक्ष कुल 48 मामले आये जिसमें एच्छिक ब्यूरो के सदस्यो के प्रयास से 12 मामलों का निस्तारण हुआ तथा 05 दंपति अर्पिता/शेरबहादूर, सलमा/ज़ाकिर, इन्दू/किशन, महेन्द्र/अनुज, सरिता/कृष्णा आपसी मतभेद भुलाकर एक दुसरे के साथ रहने को राजी हुए। 01 मामले में कोर्ट जाने की सलाह दी गयी तथा 07 फाईलें पक्षकारों की उदासीनता से बन्द की गयी । अन्य मामलों के निस्तारण हेतु ब्यूरो की बैठक की अगली तारीख 02.02.2025 दी गयी है। एच्छिक ब्यूरो की बैठक में अर्चना उपाध्याय, सर्वेश दूबे, शाहिद पैरिश, मौलवी अरशद, उ0नि0 समरजीत यादव, म0आ0 राजलक्ष्मी उपस्थित रही ।

01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 19.01.2025 को थाना घोसी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर रोडवेज घोसी के पास से मु0अ0सं0 539/24 धारा 137(2), 87, 352, 35(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त शिवम चौरसिया पुत्र रामाकान्त चौरसिया निवासी अकोहली मुबारकपुर थाना घोसी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया ।